# मासिक रिपोर्ट

अंक :157 अप्रेल 2015

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का चौदहवां वर्ष


To,

## स्वैच्छिक सेवा का 56 वां वर्ष

- अप्रेल 2015 में 26 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 10
- उदयपुर का तापमान अप्रेल माह में : अधिकतम 39.0° सेल्सियस, न्यूनतम 22.0.° सेल्सियस रहा।
- मार्च माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान, तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

**आर्थिक सहयोग-**

- **छात्रवृति कोरपस फण्ड - श्रीमान मदनसिंह जी सुराणा 1,00,000 रु. (सुराणा परिवार से अबतक 12,00,000 रु.का आर्थिक सौजन्य विज्ञान समिति को प्राप्त हो चुका है जो सम्प्रति सर्वाधिक है, सुराणा परिवार को हार्दिक बधाई एवं आभार)**
- **विज्ञापन सोविनियर सेमिनार - फिक्युसा एन्टरप्राईजेज 7500 रु.**
- **वार्षिक सहयोग राशि - श्री आर. सी.भटनागर, डॉ.आर. एल.जैन, डॉ.एल.एल.धाकड व श्री जे.एस.पोखरना सभी से एक-एक हजार रुपया**

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी**

- **लोक विज्ञान** का मई अंक प्रकाि ात हुआ। इसमें **केन्सर का भय निराधार, लेजर किरणें : कितनी उपयोगी, पशु–पक्षियों से भी सीखे, बढ़ती हुई कार्बन डाई ऑक्साइड से जीवन खतरे में, मौखिक स्वच्छता : कितनी महत्त्वपूर्ण,** आदि सामग्री प्रकाि ात की गई।

**महिला सशक्तीकरण**

***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 अप्रेल को आयोजित हुई। बैठक में 65 सदस्याओं ने भाग लिया। **श्रीमती अन्नु नवेदिया ने भिन्न–भिन्न प्रकार की 10 रेसीपी (चॉकलेट) बनाने का प्रशिक्षण** दिया।

***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोश्ठ की मासिक बैठक 20 अप्रेल को आयोजित हुई। बैठक में 50 सदस्याओं ने भाग लिया। विख्यात कवि **श्री पुरुषोत्तम 'पल्लव' ने अपनी कई राजस्थानी कविताओं (माँ, ढोकला, मणिहारा आदि )से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ.के.एल. कोठारी ने उदयपुर शीर्षक स्वरचित कविता एवं श्री प्रकाश तातेड़ ने अपनी स्वरचित कविताएं भी सुनाई।**

***ग्रामीण महिला चेतना शिविर:*** यह शिविर अत्यधिक विवाह कार्यक्रमों के कारण आयोजित नहीं हो सका।

***महिला समृद्धि कोष :*** इस माह श्रीमती वीरमा. (विमलेश), उदयपुर को 5000 रु. का ऋण दिया गया। इस महिला ने इसका उपयोग अपने फल बेचने के लिए 7000 रु. का ठेला खरीदने में किया। **शेष 2000 रु. समिति के सहयोग फंड से** सहयोग रूप में दिए।

***विदेश यात्रा*** : विज्ञान समिति की महिला सदस्यों का एक दल श्रीमती पुष्पा कोठारी के नेतृत्व में 12 दिन की टर्की यात्रा के लिए गया जो सकुशल लौट आया है।

***सेवा प्रकोष्ठ बैठक :*** यह 8 अप्रेल को आयोजित हुई। जिसमें **प्रो.सुशीला अग्रवाल, श्रीमती पुष्पा कोठारी, डॉ.शैल गुप्ता, श्रीमती रेनु भण्डारी, श्रीमती विमला कोठारी, डॉ.के.एल. कोठारी, प्रो.जे.एन.कविराज, श्री रमेशचन्द्र भटनागर, डॉ. आर.एल.जैन, श्री एस.पी.मित्तल, श्रीमती मंजुला शर्मा** उपस्थित थे। एक विधवा महिला **श्रीमती वीरमा (विमलेश)** की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। यह निर्णय किया कि उसको महिला समृद्धि कोष से ऋण दिया जाए। उसकी एक पुत्री को विज्ञान समिति में पढ़ाया जाए तथा एक बड़ी बेटी को सिलाई प्रशिक्षण दिलाया जाए तथा उसके दो पुत्रों को आवश्यकतानुसार विद्यालय फीस का प्रबन्ध किया जाए। सदस्यों ने इसकी स्वीकृति दी। इस दिशा में एक पुत्री यशोदा की पढ़ाई का कार्य प्रारम्भ हो गया है।


**विज्ञान समिति,** रोड नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर-313001 फोन : 0294-2413117, 2411650
Website : www.vigyansamitiudaipur.org
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com

***लहर :*** लहर का 45वां अंक अपने नियमित प्रारूप में प्रकाशित हुआ जिसमें **मरियम सिद्दिकी – धार्मिक समरसता का अनुपम उदाहरण, मई माह की कृषि क्रियाएं, धरती मां पर कविता, हृदय रोग में लौकी का रस, घरेलु नुस्खे, दही वाली भिण्डी** आदि पठनीय सामग्री एवं सूचनाओं के साथ प्रकाि त किया गया। व्यक्तिगत तथा डाक द्वारा ग्रामीण महिलाओं को पहुँचाया गया।

**पृथ्वी दिवस : 22 अप्रेल**

विज्ञान समिति में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पृथ्वी से जुड़े हुए कई पहलुओं पर चर्चा की गयी। प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबन्ध, पेयजल एवं कागज का विवेकपूर्ण उपयोग एवं पुनर्चक्रण आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा करने पर निम्नांकित निष्कर्ष रहे :–

1. प्लास्टिक धरती के रूप एवं स्वास्थ्य को नुकसानदायक है अतः समय की पुकार है कि हमें इसका उपयोग पूर्ण रूप से से प्रतिबन्ध करने की आव यकता है।
2. पदार्थों के पुनर्उपयोग के लिए जनमानस बनाना अत्यन्त आव यक है। इस ओर समग्र प्रयास की आव यकता है।
3. उपयोग किए गए कागज के पीछे के भाग का दोबारा उपयोग हो।

साथ ही विज्ञान समिति ने निर्णय लिया कि इन उपरोक्त बातों का प्रत्येक कार्यक्रम में पुरजोर से प्रचार–प्रसार किया जाए।

इस संगोष्ठी में **हरिवंश राय बच्चन** की कविता ''**पृथ्वी रोदन**'' एवं डॉ. के.एल.कोठारी द्वारा स्वरचित कविता ''**धरती मां**'' का पठन किया गया। संगोष्ठी में विज्ञान समिति के कई विचारकों ने सक्रिय भाग लिया

**स्वास्थ्य सेवाएं**

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अप्रेल माह में 9 शिविर हुए जिसमें **142 रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** **विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वावधान में **बाईसवां शिविर** दिनांक 19 अप्रेल 2015 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ. अनुराग तलेसरा अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. निवेदिता पटनायक, होम्योपेथिक, डॉ. भानु प्रकाश ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. त्रिशा नेत्र रोग विशेषज्ञ अलख नयन मंदिर, श्री कल्पेश पूर्बिया फिजियोथेरेपिस्ट एवं एक्यूप्रेशर टीम** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। साथ ही श्री **अंकित नागोरी एवं श्री कमलेश चौबीसा** ने रोगियों की ब्लड शुगर एवं मूत्र की जांचें की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 109 नागरिकों का (22 सामान्य, 32 हृदय, 39 मधुमेह, 5 नेत्र, 6 अस्थि/फिजियोथेरेपी, 3 दंत, ) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 4 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी व 9 को हौम्योपेथी चिकित्सा पराम र्श दिया गया। 45 के मधुमेह व 28 के उच्च रक्तचाप की जांचे की। आगामी **तेइसवां शिविर 17 मई 2015 प्रातः 10.30 से 12.30 बजे तक आयोजित होगा।** इस ि ाविर में **डॉ. आई.एल. जैन** के प्रयास से सन फार्मा के सहयोग से 10 लोगों का Body Analyzer म ीन से जांच की। यह सूविधा हर ि ाविर में उपलब्ध रहेगी ।

**प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ**

विज्ञान समिति के प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की अठाइसवीं मासिक बैठक दिनांक 18 अप्रेल 2015 को आयोजित हुई। इस बैठक में **डॉ. एस.एल. मेहता, बायोकेमिस्ट ने ''पेयजल प्राप्त करने की विभिन्न युक्तियां''** पर वार्ता दी। अंत में इसी निष्कर्ष पर पहुंचे कि वर्तमान में आर.ओ वाली पद्धति ही सही है पर यह देखना चाहिए कि उसमें टी.डी.एस बहुत कम नहीं हो जाए। उन्होंने सलाह दी कि पानी का उपयोग आर.ओ. से सीधे लेकर नहीं करना चाहिए बल्कि उसे मिट्टी के घड़े में अथवा पीतल के बर्तन में लेने के बाद ही उपयोग करना चाहिए।

प्रत्येक सोमवार को मंथन बैठके भी पूर्ववत आयोजित हुई जिसमें सामयिक विषयों पर विचार–विमर्श हुए।

**दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ**

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की मासिक बैठक दिनांक 11 अप्रेल को आयोजित हुई जिसमें **डॉ.ओ.पी.चपलोत ने 'आत्मा के अस्तित्व' पर अपनी प्रभावशाली वार्ता** प्रस्तुत की।

**केलवा प्रोजेक्ट**

श्रद्धा का 18 वां अंक (अप्रेल) का प्रकाशन हुआ जिसका विमोचन **मुनि श्री रॉकेश कुमार जी** के सान्निध्य में हुआ। उसका

वितरण किया गया।

### अन्य बिन्दु

● दिनांक 24 अप्रेल को सदस्यों की एक मिलन बैठक आयोजित की जिसमें हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान मदनसिंह जी सुराणा** (जो हांगकांग से कुछ दिनों के लिए उदयपुर पधारे हैं ) भी पधारे थे। उन्होंने सभी सदस्यों से मिलकर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वे सभी सदस्यों को वहां हांगकांग में उनकी कमी अनुभव करते हैं। सदस्यों ने उनके स्वास्थ्य की शुभकामनाएं की। सुराणा सा. ने इस अवसर पर छात्रवृति कोरपस फण्ड में एक लाख रुपयें का चैक दिया जिसका वर्णन ऊपर किया जा चुका है।

● कनाड़ा में हमारे मानद सदस्य उदयपुर में जन्मे **डॉ.जगमोहन हुमड** उदयपुर में 16 अप्रेल को आए व 30 अप्रेल को पुनः लौट गए। उनको समिति में 27 अप्रेल को आमन्त्रित किया गया लगभग 20 सदस्यों से वो मिल सके और अपने विचार व्यक्त किए। उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र भूकम्प पर भी जानकारी दी एवं 2–3 कविताएँ भी सुनाई। डॉ.कोठारी ने भी उस अवसर पर उदयपुर पर स्वरचित कविता सुनाई। जगमोहन जी से निवेदन किया गया कि वे लोकविज्ञान के लिए नियमित कुछ लेख भेजा करें।

### सदस्यों संबंधी

● हमारे वरिष्ठ संरक्षक सदस्य **डॉ.यशवंत कोठारी व पत्नी श्रीमती पुष्पा कोठारी (उपाध्यक्ष, विज्ञान समिति) टर्की आदि** देशों की यात्रा के लिए 23 अप्रेल को प्रस्थान किया व इस रिपोर्ट के छपने तक पुनः 6 मई को लौट आए।

● हमारे कोषाध्यक्ष **श्री लक्ष्मीलाल चन्डाल्या के सुपौत्र श्री संगीत चन्डाल्या को वर्ष 2015 की किशोर वैज्ञानिक प्रतिभा खोज छात्रवृति मिली जिसमें उन्हें आगे अध्ययन हेतु केन्द्र सरकार प्रतिमाह रु. 5000 की छात्रवृति एवं अन्य खार्चो हेतु 20000 रु. वार्षिक** देगी। यह छात्रवृति देशभर में लगभग 1100 विद्यार्थियों को मिलती है। संगीत चन्डाल्या एवं समस्त चन्डाल्या परिवार को हार्दिक बधाई!

● हमारे वरिष्ठ सदस्य **श्रीमान जगत पोखरना एवं श्रीमती प्रेमलता पोखरना** के विवाह की **स्वर्ण जयन्ती का समारोह** 11 मई को आयोजित हुआ। विज्ञान समिति की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

● हमारे संरक्षक सदस्य **डॉ.ओ.एस.राठौड** पिछले दो माह से अस्वस्थ हैं और घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं।

(मो.9414161701)

**समिति के अन्तर्गत एक नया प्रकोष्ठ शीघ्र ही जन्म लेगा**

साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तथा साहित्य एवं संस्कृति मय जीवन जीने के लिए एक प्रकोष्ठ की स्थापना शीघ्र होगी। इस प्रकोष्ठ के संयोजक हमारे सदस्य श्री आर.के.खोखावत इस काम में सक्रिय हैं। इसकी सदस्यता के लिए उम्र, लिंग, जाति, धर्म, शिक्षा स्तर की कोई बाध्यता नहीं होगी। इच्छुक व्यक्ति श्री खोखावत से संपर्क कर

### विशेष अपील

**विज्ञान समिति को कार्य सम्पादन हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है :-**

**टेबल्स, अलमारियाँ व रेक्स ।**

जो सदस्य सहर्ष भेंट करना चाहें सादर आमन्त्रित है

**लोकविज्ञान के सौजन्यकर्ताओं की अपेक्षा है। प्रत्येक अंक 300 प्रतियां के लिए 1500 रु. ( केवल छपाई एवं कागज ) है जिन सदस्यों की रुचि है कृपया संपर्क करें।**

**महारणा प्रताप की जयन्ती 20 मई को है इस अवसर पर एक उपयुक्त कविता यहां दी जा रही है।**

## कालजयी मेवाड

**– पं.नरेन्द्र मिश्र**

ये है वीर प्रसूता माटी ये धरती बलिदानी है।
ये प्रताप की जन्म भूमि है यश की अमर कहानी है।।

इस धरती पर एकलिंग ने नयन तीसरा खोला था।
हर हर महादेव की जय हो बच्चा–बच्चा बोला था।।

एकलव्य से यहां धनुर्धर थे वनवास भीलों में।
विजयी शर संधान किया था आदिमजाति कबीलों ने।।

उसकी मुट्ठीभर तलवारें तूफानों से नहीं रूकी।
उसकी प्रण विजयी दहाड़ थी जो लाखों से नहीं झुकी।।

प्रण के हित प्राण हवन करना मेवाड़ भूमि की पूंजी है।
ये वह धरती है जहां कभी चेतक की टापें गूंजी है।।

निर्लज्ज वैरियां तक से भी इस धरती ने छल नहीं किया।
सम्मान बेचकर जीवन का कोई सपना हल नहीं किया।।

शिव चरणों के अतिरिक्त असद् सत्ता का वंदन नहीं किया।
इस एकलिंग की धरती ने तमका अभिनन्दन नहीं किया।।

पर्वत की दृढ़ चट्टानों से इसकी गति गंगा नहीं रूकी।
जालिम धर्मान्ध दरिन्दों से मेवाड़ी पगड़ी नहीं झुकी।।

## सुविचार

- यदि कोई आप पर व्यंग्य करता है, तो बुरा मत मानिए, क्योंकि व्यंग्य ताकतवर लोगों के खिलाफ कमजोर लोगों का हथियार होता है।
- ज्ञान अगर बुद्धि में रहे तो बोझ बनता है और जब व्यवहार में आ जाये तो आचरण बनता है।
- खिल सको तो फूल की तरह खिलो, जल सको तो दीप की तरह जलो, मिल सको तो दूध में पानी की तरह मिलो, ढल सको तो धातु की तरह ढ़लो, ऐसी ही जीवन की नीति हो रीति हो, प्रीति हो.......

**सदस्यगण अपने एवं अपने परिवार की कुछ विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी विज्ञान समिति में देवें जिससे उसका समावेश मासिक रिपोर्ट में किया जा सके।**




### जन्मदिन की बधाइयाँ (मई-जून माह)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sh. Pradeep Bapna | 08/05 | Ibrahim Ali | 12/06 |
| Dr. S.N. Joshi | 11/05 | Sh. P.P. Jain | 10/06 |
| Smt.Kaushlya Roongta | 20/5 | Sh. Moti Singh | 12/06 |
| Sh. Nitin Kothari | 24/05 | Sh.Javerchand Dagliya | 15/06 |
| Prof.Lalit Pandey | 30/05 | Sh. K.L. Kothari | 30/06 |
| Sh. N.L. Gupta | 02/06 | Sh.Madhusudan Pandya | 30/06 |

अप्रेल माह में श्री प्रकाश तातेड़ ( 3 अप्रेल ) एवं डॉ. सुजान सिंह ( जन्म दिन 10 अप्रेल ) का जन्मदिवस विज्ञान समिति में मनाया गया।

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के मई माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**
  - * एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में
  - * श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार को 17 मई 2015 प्रातः 10.30 से 12.30
- **नियमित मासिक गतिविधियां**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक | 9 मई 2015 | प्रातः 11.00 | बजे से |
| * राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस | दिनांक | 11 मई 2015 | प्रातः 11.00 | बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक | 16 मई 2015 | सायं 5.00 | बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक | 20 मई 2015 | प्रातः 11.00 | बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | दिनांक | 30 मई 2015 | प्रातः 11.00 | बजे से |

- **विशेष**
  - * अन्य कार्यक्रम निर्णय होने पर

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का तीसरा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608